भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 778
(24 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

सांसद आदर्श ग्राम योजना की वर्तमान स्थिति

778. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्तमान लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों द्वारा अब तक कुल कितने गांवों को गोद लिया गया है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि इस योजना के लिए कोई अलग से स्वतंत्र बजट आवंटित न होने के कारण, गोद लिए गए गांवों में अन्य योजनाओं के माध्यम से विकास कार्य करने में कठिनाई आ रही है; और

(ग) क्या सरकार इस योजना को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए इसके दिशानिर्देशों में किसी प्रकार के संशोधन पर विचार कर रही है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क) सांसद आदर्श ग्राम योजना (एसएजीवाई) के तहत माननीय संसद सदस्यों ने 31 मार्च 2024 अर्थात् एसएजीवाई के तहत ग्राम पंचायतों के चयन की अंतिम तिथि तक कुल 3361 ग्राम पंचायतों की पहचान की है। एसएजीवाई के तहत चयनित ग्राम पंचायतों का राज्यवार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) सांसद आदर्श ग्राम योजना (एसएजीवाई) 100% अभिसरण-आधारित योजना है, जिसके अंतर्गत विकासात्मक परियोजनाओं के लिए पृथक रूप से कोई वित्तीय आवंटन नहीं किया जाता। एसएजीवाई जीपी में ग्राम विकास योजना (वीडीपी) के तहत नियोजित कार्य/गतिविधियां केंद्रीय और राज्य योजनाओं, सीएसआर निधि और संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना

(एमपीएलएडीएस) निधि और विधान सभा विकास योजना (एमएलएएलएडी) निधि के तहत उपलब्ध निधियों के माध्यम से सफलतापूर्वक पूरी की जाती हैं। हालांकि, कुछ अध्ययनों/रिपोर्टों ने योजना के लिए एक अलग बजटीय आवंटन का सुझाव दिया है।

(ग) एसएजीवाई के तहत नई ग्राम पंचायतों का चयन 31 मार्च 2024 को पूरा हो गया है। वर्तमान में योजना के दिशानिर्देशों में संशोधन के लिए कोई प्रस्ताव नहीं है।

अनुबंध।

राज्य	**एसएजीवाई के तहत पहचाने गए जीपी की संख्या**
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	8
आंध्र प्रदेश	207
अरुणाचल प्रदेश	11
असम	46
बिहार	189
चंडीगढ़	2
छत्तीसगढ़	115
दिल्ली	4
गोवा	14
गुजरात	238
हरियाणा	91
हिमाचल प्रदेश	45
जम्मू और कश्मीर	43
झारखंड	119
कर्नाटक	134
केरल	167
लद्दाख	4
लक्षद्वीप	2
मध्य प्रदेश	134
महाराष्ट्र	262
मणिपुर	30
मेघालय	21
मिज़ोरम	14
नागालैंड	6
ओडिशा	104
पुदुचेरी	10
पंजाब	65
राजस्थान	190
सिक्किम	15

तमिलनाडु	370
तेलंगाना	85
त्रिपुरा	13
दादरा और नगर हवेली तथा दमन एंव दीव संघ राज्य क्षेत्र	7
उत्तर प्रदेश	553
उत्तराखंड	39
पश्चिम बंगाल	4
कुल	**3361**

******